POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 24.11.2022

1-थाना बिसरख पुलिस द्वारा 01 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का ट्रैक्टर बरामद।

दिनांक 23.11.2022 को थाना बिसरख पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान 01 शातिर चोर नसीम पुत्र मेंहदी हसन निवासी ग्राम पूठा खास, थाना रोहटा, जनपद मेरठ को थाना क्षेत्र के शाहबेरी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी का महिन्द्रा ट्रैक्टर 265 डी0आई0 एक्सपी प्लस बरामद किया गया है जिसके संबंध मे थाना बिसरख पर मु0अ0सं0 719/2022 धारा 379/411/413/482 भादवि पंजीकृत है।

अभियुक्त का विवरणः

नसीम पुत्र मेंहदी हसन निवासी ग्राम पूठा खास, थाना रोहटा, जनपद मेरठ।

पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास का विवरणः

1.मु0अ0सं0 540/2021 धारा 147/148/149/307/323/324/325/336/452/504/506 भादवि थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर।

2.मु0अ0सं0 719/2022 धारा 379/411/413/482 भादवि थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी का विवरणः

चोरी का महिन्द्रा ट्रैक्टर 265 डी0आई0 रजि0नं0 यूपी 14 एफए 1416

2-थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा एक वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद।

दिनांक 24.11.2022 को थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर रौनक पुत्र कान्तिलाल निवासी-मौहल्ला ठाकुरान, कस्बा व थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर को थाना क्षेत्र के ओमीक्रान-3 सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल हीरो स्प्लैण्डर प्रो रजि0नं0-यूपी 37 सी 9512 बरामद की गई है जिसके सम्बन्ध में थाना सूरजपुर पर मु0अ0सं0-684/2022 धारा 379 भादवि0 पंजीकृत है।

अभियुक्त एक शातिर किस्म का अपराधी/चोर है जिसके द्वारा दिनांक 19.11.2022 को बरामद उपरोक्त मोटरसाइकिल एसकेए मैट्रो विला सोसाइटी, ईटा-2 से चोरी की गयी थी। इसके अतिरिक्त भी अभियुक्त रौनक उपरोक्त के विरुद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानो में चोरी व लूट से सम्बंधित अभियोग पंजीकृत है।

अभियुक्त का विवरणः

रौनक पुत्र कान्तिलाल निवासी-मौहल्ला ठाकुरान, कस्बा व थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर।

पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास का विवरणः

1.मु0अ0सं0 1021/2020 धारा 392/411 भादवि0 थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर।

2.मु0अ0सं0 1025/2020 धारा 414 भादवि0 थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर।

3.मु0अ0सं0 1026/2020 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर।

4.मु0अ0सं0 991/2018 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर।

5.मु0अ0सं0 989/2018 धारा 414/482 भादवि0 थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर।

6.मु0अ0सं0 778/2017 धारा 379/411 भादवि0 थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर।

7.मु0अ0सं0 534/2017 धारा 411/414 भादवि0 थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर।

8.मु0अ0सं0 635/2017 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर।

9.मु0अ0सं0-684/2022 धारा 379/411 भादवि थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर।

बरामदगी का विवरणः

चोरी की मोटरसाइकिल हीरो स्प्लैण्डर प्रो रजि0नं0-यूपी 37 सी 9512

3-थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा धोखाधडी करने व जान से मारने की धमकी देने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक 24.11.2022 को थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 684/2022 धारा 420/406/354/504/506/120बी भादवि में वांछित अभियुक्त रूमाल सिंह पुत्र फतुवा निवासी अम्बेडकर नगर, कस्बा सूरजपुर, थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर को बीटा मार्केट से गिरफ्तार किया गया है।

घटना का विवरणः

वादिया द्वारा थाना बीटा-2 पर मु0अ0सं0- 684/2022 धारा 420/406/354/ 504/506/120बी भादवि बनाम 1.रुमाल पुत्र फतुवा, 2.पप्पन पुत्र रुमाल, 3.राजू पुत्र रुमाल, 4.वीरु पुत्र रुमाल, 5.जित्तू पुत्र रुमाल निवासीगण-ग्राम सूरजपुर, परगना दादरी, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर के द्वारा एक राय होकर वादिया के साथ धोखाधडी कर वादिया से प्लाट की एवज में 9,90,000 रुपये हडप लेने व प्लाट को किसी और को बेचने एवं विरोध करने पर वादिया के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में माननीय न्यायालय के आदेश से पंजीकृत कराया गया था। जिसमें थाना बीटा-2 पुलिस टीम द्वारा दिनांक 24.11.2022 को अभियुक्त रूमाल सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्त का विवरणः

रूमाल सिंह पुत्र फतुवा निवासी अम्बेडकर नगर, कस्बा सूरजपुर, थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर।

पंजीकृत अभियोग का विवरणः

मु0अ0सं0 684/2022 धारा 420/406/354/504/506/120बी,467,468 भादवि थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

4-थाना फेस-3 नोएडा पुलिस द्वारा 03 शातिर लुटेरे/चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी/लूट के 06 मोबाइल फोन, 03 अवैध चाकू व फर्जी नम्बर प्लेट लगी दो मोटरसाइकिल बरामद।

दिनांक 23.11.2022 को थाना फेस-3 नोएडा पुलिस द्वारा 03 शातिर लुटेरे/चोर 1.पंकज कुमार पुत्र सुखपाल सिंह निवासी ग्राम रामपुर, थाना हापुड, जिला हापुड वर्तमान पता छिजारसी इण्डियन ओवर बैक के पास, सेक्टर-63, थाना सेक्टर 63, नोएडा 2.अवनीश पुत्र राम विलास निवासी ग्राम कदीहद कुचौना, थाना निहोडिया, जिला जोनपुर, वर्तमान पता गली नं0-6, छिजारसी, विपिन का मकान, सेक्टर-63, नोएडा 3.गगन पुत्र हरिप्रसाद निवासी ग्राम शंकरपुर छावनी, थाना मोहम्दी, जिला लखीमपुर खीरी वर्तमान पता छिजारसी, गली नं0-6, अशोक का मकान, सेक्टर-63, थाना सेक्टर-63, नोएडा को थाना क्षेत्र के टीपी नगर चौराहा, शनि मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी/लूट के 06 मोबाइल फोन भिन्न-भिन्न कम्पनी के, 03 अवैध चाकू व फर्जी नम्बर प्लेट लगी दो मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

अभियुक्त शातिर किस्म के लुटेरे है जिनके द्वारा उक्त चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर राह चलते हुए व्यक्ति से मोबाइल लूट लिये जाते है एवं मौका पाकर चोरी की घटना कारित की जाती है।

अभियुक्तों का विवरणः

1.पंकज कुमार पुत्र सुखपाल सिंह निवासी ग्राम रामपुर, थाना हापुड, जिला हापुड वर्तमान पता छिजारसी इण्डियन ओवर बैक के पास, सेक्टर-63, थाना सेक्टर 63, नोएडा।

2.अवनीश पुत्र राम विलास निवासी ग्राम कदीहद कुचौना, थाना निहोडिया, जिला जोनपुर, वर्तमान पता गली नं0-6, छिजारसी, विपिन का मकान, सेक्टर-63, नोएडा।

3.गगन पुत्र हरिप्रसाद निवासी ग्राम शंकरपुर छावनी, थाना मोहम्दी, जिला लखीमपुर खीरी वर्तमान पता छिजारसी, गली नं0-6, अशोक का मकान, सेक्टर-63, थाना सेक्टर-63, नोएडा।

पंजीकृत अभियोग का विवरणः

1.मु0अ0सं0 535/2022 धारा 414/482 भादवि बनाम पंकज, अवनीश व गगन थाना फेस-3, गौतमबुद्धनगर।

2.मु0अ0सं0 536/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट बनाम पंकज कुमार उपरोक्त

3.मु0अ0सं0 537/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट बनाम अवनीश उपरोक्त

4.मु0अ0सं0 538/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट बनाम गगन उपरोक्त

बरामदगी का विवरणः

1.चोरी/लूट के 06 मोबाइल फोन भिन्न-भिन्न कम्पनी के

2.03 अवैध चाकू

3.फर्जी नम्बर प्लेट लगी दो मोटरसाइकिल

#साइबर हेल्प डेस्क थाना सेक्टर-126 नोएडा पुलिस द्वारा साइबर फ्रॉड का शिकार हुए आवेदक के 89,995/- रूपये व एक अन्य आवेदिका के खाते में आनलाइन फ्रॉड के 32,116 रूपये वापस कराए गए।

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के थानों मे साइबर हेल्प डेस्क स्थापित किये गये है जिसमें साइबर फ्रॉड से पीड़ित व्यक्तियों के फ्रॉड से निकाले गये रूपयों को त्वरित कार्यवाही करते हुये वापस दिलाये जा रहे है। इसी क्रम में दिनांक 24.11.2022 को साइबर हेल्प डेस्क थाना सेक्टर-126 नोएडा पुलिस टीम द्वारा आवेदक मुकेश राम पुत्र हरिराम निवासी ग्राम सुल्तानपुर, सेक्टर-128, थाना सेक्टर-126, नोएडा एवं आवेदिका सुमिता कपूर निवासी सेक्टर-128 नोएडा के साथ हुए ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित बैंको से अकाउण्ट नं0 होल्ड कराकर आवेदक मुकेश राम के बैंक अकाउण्ट मे 89,995/ रूपये एवं आवेदिका सुमिता कपूर के बैंक अकाउण्ट मे 32,116 रूपये रिफण्ड कराये गये है।

#पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निर्देशानुसार सभी जोन के डीसीपी, एडीसीपी के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल मार्च करते हुए व बैरिकेडिंग लगाकर संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की तलाश हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

यातायात माह नवंबर में गौतमबुद्धनगर यातायात पुलिस द्वारा जनपद के नागरिकों को विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की सहायता से नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध ई चालान की कार्रवाई की जा रही है।

दिनांक 24/11/2022 को पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निर्देशानुसार सभी जोन के डीसीपी, एडीसीपी के नेतृत्व में सभी एसीपी व थाना प्रभारियों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल मार्च करते हुए व बैरिकेडिंग लगाकर संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की तलाश हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस कर्मियों द्वारा संदिग्ध प्रतीत हो रहे वाहनों की रोककर तलाशी ली जा रही है एवं नियमों का पालन न करने वाले लोगों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई भी की जा रही है। पुलिस अधिकारीगण द्वारा मेट्रो स्टेशन, मॉल्स व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों व सुरक्षा कर्मियों को चेक किया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा -निर्देश दिए गए। सड़क पर अतिक्रमण करने वाले लोगों को भी कड़ी चेतावनी देते हुए अतिक्रमण हटाने हेतु बताया गया है जिससे सड़क जाम की समस्या न होने पाए एवं यातायात सुचारू रूप से संचालित रहे। सभी मुख्य स्थानों/चौराहों पर पुलिसकर्मियों द्वारा टेंपो, टैक्सी, ई-रिक्शा चालकों को सड़क पर वाहन ना खड़ा करने तथा यातायात बाधित ना करने हेतु निर्देशित किया जा रहा है।

सभी थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी द्वारा अपने अपने क्षेत्र के ओयो होटल, विश्राम गृह, धर्मशाला आदि स्थानों पर जाकर लोगों का सत्यापन किया जा रहा है एवं संचालक को आईडी की ठीक से जांच करने, बिना सत्यापन कमरा ना देने हेतु निर्देशित किया गया है। महिला सुरक्षा इकाई टीम द्वारा भ्रमणशील रहते हुए महिलाओं से संवाद किया जा रहा है एवं महिला हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूक किया जा रहा है। पुलिसकर्मियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले व्यक्तियों की चेकिंग भी की जा रही है।

यातायात माह नवंबर में गौतमबुद्धनगर यातायात पुलिस द्वारा प्रतिदिन जनपद के नागरिकों को विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की सहायता से नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध ई चालान की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 24/11/2022 को बिना हेलमेट 240, बिना सीट बेल्ट 63, विपरीत दिशा 130, तीन सवारी 30, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन प्रयोग 12, बिना ड्राइविंग लाइसेंस 20, फॉल्टी नंबर प्लेट 30, ध्वनि प्रदूषण 09, वायु प्रदूषण 06, रेड लाइट जंप 50, नो पार्किंग 30, अन्य यातायात उल्लंघन 30, कुल 650 वाहनों के विरुद्ध ई चालान की कार्रवाई की गई।